एक नजर

मारपीट व जबरन जहर पिलाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



खुटार। क्षेत्र के गांव तुलापुर निवासी रामकिशोर पुत्र दयाशंकर ने सोमवार को खुटार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कुलदीप उर्फ मोनू, संजय शुक्ला, तरुण कुमार और विवेक कुमार ने उनके पुत्र विपिन पर झूठी अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए एक राय होकर धारदार हथियारों से मारपीट की और जबरन जहर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर विपिन को पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। गुरुवार को पुलिस ने संजय शुक्ला (54) पुत्र देवी सहाय को खुटार मैलानी रोड पर बाबा चौराहा के पास से सुबह 9ः45 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ खुटार थाने में पहले से भी दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ़्तारी के दौरान उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह, हेड कांस्टेबल उपेंद्र कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार व अंकित नारायण शामिल रहे।

लोधेश्वर महादेवा मंदिर में बिजली के तार की चपेट में आकर श्रद्धालु झुलसा, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

रामनगर, बाराबंकी। प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीलोधेश्वर महादेवा मंदिर में गुरुवार सुबह बिजली के लटकते तार की चपेट में आकर श्रद्धालु अंजनी कुमार अवस्थी निवासी मंझौनी झुलस गए। परिजन उन्हें सीएचसी रामनगर ले गए, जहां उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया। मुताबिक बिजली का तार एक दिन पहले से टूटा हुआ लटक रहा था, लेकिन मंदिर प्रबंधन ने उसे ठीक कराने की सुध नहीं ली। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान बिजली मरम्मत करते समय एक मिस्त्री की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद मंदिर परिसर में विद्युत सुरक्षा के इंतजाम दुरुस्त नहीं हुए। घटना के बाद मंदिर प्रबंधन और मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

जमानत के बाद घर नहीं पहुंचा युवक हाईवे किनारे झाड़ियों में मिला शव

मसौली, बाराबंकी। सड़क दुर्घटना के मामले में जमानत कराने के बाद घर के लिए निकले 38 वर्षीय युवक का शव गुरुवार सुबह लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाऊली चौराहे के निकट झाड़ियों में मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की पहचान असंद्रा थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासी अमित कुमार (38) पुत्र उमानाथ के रूप में हुई। वह अपने मामा उमाशंकर दुबे की स्कॉर्पियो चलाता था। करीब तीन माह पहले भीखरपुर मोहम्मदपुर के पास स्कॉर्पियो से हुए हादसे के मामले में वह वांछित था। बुधवार को अमित अपने मामा और बाबा के साथ बाराबंकी न्यायालय में जमानत कराने आया था। जमानत होने के बाद वह लापता हो गया। गुरुवार सुबह उसका शव झाड़ियों में पड़ा मिला।प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आधार कार्ड से शव की पहचान हुई है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत अज्ञात कार चालक पर मुकदमा

रामनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र के कटियारा गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार की टक्कर से घायल 21 वर्षीय विष्णु वर्मा की उपचार के दौरान मौत हो गई। 24 अक्टूबर की सुबह शौच के बाद घर लौटते समय हाईवे-927 पर कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी।गंभीर हालत में परिजन उन्हें सीएचसी रामनगर ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर लखनऊ ले जाया गया, लेकिन सुधार नहीं हुआ। बाद में जिला अस्पताल बाराबंकी लाने पर 25 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता राजेश की तहरीर पर रामनगर पुलिस ने चार नवंबर को अज्ञात स्विफ्ट डिजायर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इंजी.अभिनव का आगमन कोटवा सड़क में हुआ भव्य स्वागत



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े अभिनव सिंह पाल ने भारत सरकार के उपक्रम नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) में जूनियर इंजीनियर पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। पहली बार गृह जनपद पहुंचने पर कोटवा सड़क में उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

हैदरगढ़ तहसील के पूरे मंसूर, धनोरा निवासी राजबक्श सिंह पाल के पुत्र अभिनव के स्वागत में पिता भावुक हो उठे। उन्होंने बेटे को गले लगाकर माला पहनाई और मिठाई खिलाई। ग्रामीणों ने भी इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।अभिनव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और ग्रामीणों के सहयोग को देते हुए कहा कि वह आगे भी मेहनत कर देश की सेवा करेंगे।

लाइसेंसी बंदूक से गोली लगने पर 38 वर्षीय युवक की मौत, कमरे के बाहर मिला शव

बाराबंकी। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के अलादासपुर मजरे चौरी अलादासपुर में बुधवार देर रात गोली लगने से 38 वर्षीय अनुपम कुमार सिंह उर्फ राजन की मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों को वह खून से लथपथ बरामदे में पड़ा मिला। पास में ही उसकी लाइसेंसी बंदूक पड़ी थी।परिजनों के मुताबिक, अनुपम ने रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। रात करीब तीन बजे गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन बाहर निकले तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ लाइसेंसी बंदूक कब्जे में ले ली है। परिजनों के अनुसार, अनुपम पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में था और बीमार भी चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रतापगंज रजबहा की मरम्मत में मानकों की अनदेखी आरोप, बाहरी टीम से जांच की मांग

सफदरगंज बाराबंकी। मसौली ब्लॉक के अंतर्गत जैदपुर थाना क्षेत्र में अकबरपुर-धनेठी के पास प्रतापगढ़ रजबहा नहर पर कराए जा रहे निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम नारायण वर्मा ने नहर के पुल के किनारे निर्माण में घटिया ईंट और मानकविहीन मसाले के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। निर्माण में इस्तेमाल की जा रही ईंटों की गुणवत्ता बेहद खराब है।

शिकायत के बाद जेई हरीश वर्मा ने ठेकेदार को काम बंद करने के निर्देश दिए, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। खड़ंजा लगाने के बाद तत्काल मिट्टी डालकर ईंटों को ढक दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है, ताकि उनकी गुणवत्ता सामने न आ सके।प्रेम नारायण वर्मा ने नहर विभाग के अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की उम्मीद न जताते हुए जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की जांच नहर विभाग से अलग पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और स्वतंत्र तकनीकी टीम से कराई जाए।

उन्होंने ईंटों और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत और कमीशनखोरी के चलते निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी हो रही है।

विधायक शशांक त्रिवेदी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया जवाबी कीर्तन का शुभारंभ



महोली देहात (सीतापुर)। नेरी बाजार स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में 19वें विशाल मां दुर्गा जागरण एवं जवाबी कीर्तन का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने मां दुर्गा के दरबार में विधिवत पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि मां दुर्गा की आराधना और धार्मिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं की पहचान हैं। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मां के दरबार में सभी भक्त समान हैं। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन की बधाई देते हुए मां दुर्गा से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जवाबी कीर्तन रहा। जिसमें कमलेश्वरी कंचन एंड पार्टी मध्य प्रदेश तथा सचदेवा शरारती एंड पार्टी कानपुर के बीच शानदार मुकाबला हुआ। दोनों पार्टियों के कलाकारों ने अपनी गायकी, प्रस्तुति और जवाबी अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। पूरी रात चले इस मुकाबले में कलाकारों ने एक-दूसरे को शानदार अंदाज में जवाब दिया। श्रोताओं ने तालियों और जयकारों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि मां के दरबार में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता, मां के लिए सभी भक्त समान हैं। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास धार्मिक परंपराओं को निरंतर आगे बढ़ाना और क्षेत्र में भक्ति एवं सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेता मनोज मिश्रा, अरविंद मिश्रा अंशू, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, ज्ञानू शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं आयोजन समिति की ओर से पत्रकार बंधुओं का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। कलाकारों और पत्रकारों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। पूरे आयोजन में भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

महराज नगर में कल होगा अमर जवान

बिसवां नगर (सीतापुर)। देश के वीर शहीदों के सम्मान एवं उनकी शहादत को नमन करने के उद्देश्य से संकल्प धारा फाउंडेशन द्वारा 6 नवंबर शुक्रवार को महराज नगर में अमर जवान, एक दीया शहीदों के नाम देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे श्री मंगला देवी आदर्श शिशु विद्या मंदिर, महराज नगर में होगा। इस दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा देशभक्ति रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजक शुभम रस्तोगी एवं अस्तित्व रस्तोगी ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शहीदों की स्मृति में एक दीया जलाने की अपील की है।

ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में बिरौली का दबदबा, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकासखंड सिरौलीगौसपुर में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर शैक्षिक सत्र 2026-27 की ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कृष्ण यादव और खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें न्याय पंचायत स्तर पर विजेता रहे छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से राज और बालिका वर्ग से दिव्या प्रथम रहे। 100 मीटर दौड़ में धर्मेंद्र कुमार और अनामिका ने बाजी मारी, जबकि 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से धर्मेंद्र प्रथम रहे। खो-खो और कबड्डी में बिरौली की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग की खो-खो में बिरौली विजेता और किन्तूर उपविजेता रहा। कबड्डी के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में बिरौली ने प्रथम स्थान हासिल किया।उच्च प्राथमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ में मोहम्मद फहीम और महिमा, जबकि 200 मीटर में शिवांशु और वैष्णवी प्रथम रहे। 400 मीटर दौड़ में मोहम्मद कैफ और सुगर बानो ने पहला स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में मोहम्मद जीशान तथा गोला फेंक में भी जीशान ने बाजी मारी। बालिका वर्ग के गोला फेंक में सलोनी प्रथम रहीं। कबड्डी के बालक वर्ग में बिरौली और बालिका वर्ग में हमीदनगर की टीम विजेता रही।पुरस्कार वितरण समारोह में उपजिलाधिकारी अनिल सरोज ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और पढ़ाई दोनों जरूरी हैं। खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों और आयोजन समिति की भूमिका की सराहना की। इस मौके पर तहसीलदार सिरौलीगौसपुर सहित शिक्षक, खेल अनुदेशक और संकुल प्रभारी मौजूद रहे।

22 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने किया नगर निगम का घेराव

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन ने एकदिवसीय धरना देकर नगर निगम अयोध्या का घेराव किया और 22 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पंचायत में प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा ने आरोप लगाया कि नगर निगम में भ्रष्टाचार व्याप्त है और अधिकारी किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि नगर निगम में शामिल हुई ग्राम सभाओं में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। जर्जर सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं और नालियां चोक होने से जलभराव व बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

महिला जिला अध्यक्ष सुमन पांडेय ने कहा कि कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। शिकायतों के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

सवालों के घेरे में सीएमओ की सक्रियता

बाराबंकी। बुधवार सुबह 8ः30 बजे सीएमओ डॉ. रंजन गौतम का जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण, बाहर की दवा पर कार्रवाई की चेतावनी, ट्रामा सेंटर को रेफर सेंटर बताना... सब कुछ ठीक लगता है।पर एक सवाल पूरे जिले में गूंज रहा है - *जब पूरा जनपद बीमार है, तो इलाज सिर्फ जिला अस्पताल का ही क्यों हो रहा है?रफी अहमद किदवई स्मारक जिला चिकित्सालय - जो अभाव में भी जिले का बोझ उठा रहा है*सच्चाई यह है कि अभावों के बावजूद जिलावासियों को बेहतर सुविधा अगर कहीं मिल रही है, तो वह मयही जिला अस्पताल है। डॉक्टर कम हैं, स्टाफ कम है, सुविधाएं अधूरी हैं, फिर भी पूरे जनपद का भार इसी अस्पताल पर है।तो फिर सीमा साहब की भृकुटी इसी अस्पताल पर क्यों तन गई?असली बीमारी सीएचसी पीएचसी में है, सीएमओ साहब उधर कब जाएंगे?पूरे जनपद के अस्पतालों में डॉक्टर नहीं मिलते। सीएम ओ के अधीन आने वाले सीएचसी पीएचसी पर रात में डॉक्टर निवास ही नहीं करते, जबकि लाखों की लागत से उनके लिए आवास बनाए गए हैं। आवास खाली, अस्पताल खाली, और मरीज भाग रहा है बाराबंकी शहर की ओर।पीएचसी सीएचसी की सेवाएं इतनी कमजोर हैं कि गांव-कस्बे का आदमी छोटे इलाज के लिए भी जिला अस्पताल आ रहा है। निंदूरा में आरोग्य मंदिरों पर तालेघुंघटेर, बैनाटीकरहार, चकिया में सीएचओ के पद खाली रात में पीएचसी पर ताला, डॉक्टर गायबजब पीएचसी बंद होगा तो भार जिला अस्पताल पर ही पड़ेगा। फिर ट्रामा सेंटर रेफर सेंटर नहीं बनेगा तो क्या बनेगा?निजी अस्पतालों पर क्यों नहीं पड़ता छापा?*जिला मुख्यालय से लेकर गांव-कस्बे तक तमाम निजी अस्पताल, नर्सिंग होम धड़ल्ले से चल रहे हैं। कई तो ऐसे हैं जिनके संचालक ही आरोग्य (झोलाछाप) हैं। दूसरे नामचीन डॉक्टर की नेमप्लेट टांगकर कोठरियों में अस्पताल संचालित हो रहे हैं। न मानक, न पंजीकरण, न स्टाफ - बस लूट।इन पर सीएमो की सक्रियता कब दिखेगी?

इन पर औचक निरीक्षण कब होगा?जन मानस पूछ रहा है 1. जिला अस्पताल के डॉक्टरों को चेतावनी देने से पहले सीएचसी,पीएचसी के डॉक्टरों की रात की ड्यूटी कब चेक होगी?2. बाहर की दवा लिखने पर कार्रवाई होगी, तो अस्पताल में दवा की सप्लाई पूरी कब होगी?3. झोलाछाप नर्सिंग होम पर ताला कब लगेगा?सीएमओ की सक्रियता अच्छी है, पर वह सिर्फ जिला अस्पताल तक सीमित न रहे। अगर सच में व्यवस्था सुधारनी है तो छापा जिला अस्पताल से शुरू होकर गांव के पीएचसी और शहर के फर्जी नर्सिंग होम तक जाना चाहिए।वरना जनता यही कहेगी - जो काम कर रहा है, उसी पर डंडा चल रहा है, जो भाग रहा है, वह मौज कर रहा है।

दीवाली से 2 दिन पहले निंदूरा में रोजगार सेवकों को प्रतिकूल पत्र का तोहफा

योगी सरकार बांटे बोनस, बीडीओ दे रहे नोटिस, भड़के सेवक



निंदूरा, बाराबंकी। जहां प्रदेश की योगी सरकार दीपावली पर अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन, बोनस देकर खुशियां बांट रही है, वहीं निंदूरा ब्लॉक में ग्राम रोजगार सेवकों को त्योहार से ठीक दो दिन पहले *प्रतिकूल पत्र* थमा दिया गया।खंड विकास अधिकारी निंदूरा की ओर से कम मानव दिवस सृजन को लेकर जारी इस पत्र के बाद पूरे ब्लॉक के रोजगार सेवकों में भारी नाराजगी है। सिर्फ रोजगार सेवक ही दोषी क्यों.?संगठन के जिला अध्यक्ष *अमरेंद्र अवस्थी* ने सीधा सवाल दागा -मानव दिवस सृजन में ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव और बीडीओ की भी भूमिका होती है। तो फिर पत्र सिर्फ ग्राम रोजगार सेवकों को ही क्यों?उन्होंने कहा कि शासन से बिना किसी पत्र के इस तरह प्रतिकूल पत्र जारी करना पूरी तरह अनुचित है।मानदेय पहले से अटका, अब प्रतिकूल पत्र से कटौती का डरअमरेंद्र अवस्थी ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय समय से मिलता ही नहीं। महीनों से मानदेय लंबित है, घर में दीवाली मनाने के पैसे नहीं हैं, ऊपर से प्रतिकूल पत्र जारी कर दिया गया। इससे मानदेय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।त्योहार पर खुशियां बांटने की जगह हमारे पेट पर लात मारी गई है।दीवाली बाद होगा आंदोलन संगठन ने साफ कर दिया - कर्मचारियों की मेहनत और अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिला अध्यक्ष ने ऐलान किया - दीपावली के बाद संगठन आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी समस्याओं को शासन तक पहुंचाएगा।इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमरेंद्र अवस्थी, संगठन मंत्री दीपू वर्मा, निंदूरा ब्लॉक महामंत्री त्रिभुवन, मनोज, अखिलेश, राजकिशोर, बलराम, विजय सहित तमाम ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।सवाल - जब जिम्मेदारी सबकी है, तो सजा सिर्फ सेवकों को क्यों.?

एक नजर

ग्राम रामपुर ख्योटा में पिंजड़े में कैद हुआ तेन्दुआ

सीतापुर। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, जनपद सीतापुर की मिश्रिख रेंज के अंतर्गत ग्राम रामपुर ख्योटा में तेंदुए की उपस्थिति के संकेत एवं गतिविधियों के प्रमाण मिलने पर वन विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई। तेंदुए की गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं तेन्दुआ को सुरक्षित रेस्क्यू करने के उद्देश्य से प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव/मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तर प्रदेश से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के उपरांत चयनित स्थल पर पिंजड़ा लगाया गया था। साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम द्वारा 24म7 सतत निगरानी की जा रही थी। वन विभाग की टीम द्वारा सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप गुरूवार को प्रात:काल तेंदुआ सुरक्षित रूप से पिंजड़े में कैद हो गया। पिंजड़े में कैद हुआ तेन्दुआ नर है तथा इसकी अनुमानित आयु लगभग 6-7 वर्ष है। प्रथम दृष्टया तेंदुआ स्वस्थ प्रतीत हो रहा है। पशु चिकित्सक द्वारा तेन्दुआ का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से तेन्दुआ को उसके उपयुक्त प्राकृतिक वास स्थल में सुरक्षित अवमुक्त किये जाने की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वन्य जीवों की प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल नजदीकी वन रेंज कार्यालय को सूचित करें। तेंदुए के आसपास भीड़ न लगाएं, उसे परेशान करने या स्वयं पकड़ने का प्रयास न करें तथा वन विभाग की टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

अवैध संबंध के लिए राजी न होने पर महिला की हत्या

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम में बकरी चराने गई एक महिला की गांव के एक व्यक्ति द्वारा अवैध संबंध के लिए राजी न होने पर भाला मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगराभारी निवासी सन्तराम पुत्र स्व0 लाल द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी पत्नी अनीता देवी उम्र लगभग 35 वर्ष गांव के करीब बकरी चराने गई थी। वहां पर घात लगाकर बैठे गांव के ही निवासी रंगीलाल पुत्र रामस्वरूप निवासी बगरा भारी जो अपने दोस्त प्रमोद पुत्र छेदू के उकसाने पर कि इसे अवैध संबंध बनाने को राजी करो और न माने तो मौत के घाट उतार दो के उकसावे में आकर मेरी पत्नी को जब वह बकरी चराने गांव के उत्तर कन्हैयालाल के खेत के पास गई थी को भाली से सर पर वार करके मौत के घाट उतार दिया। मौके से फरार हो गया। अनीता के तीन बच्चे हैं बड़ी लड़की नाम रोहिणी लड़का राम प्रकाश उम्र 11 वर्ष छोटा लड़का आदित्य उम्र 3 वर्ष घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

प्राथमिक विद्यालय की रसोई में गैस सिलेंडर से लगी आग, बाल-बाल बचे बच्चे



पहला (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अगेंथुवा के ग्राम सुरखूपुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे बच्चों का भोजन बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर से आग की लपटें निकलती देख विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि शिक्षिकाओं की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता से सभी बच्चे सुरक्षित बच गए तथा सिलेंडर फटने से टल गया। विद्यालय की रसोइया शीला देवी ने बताया कि सुबह बच्चों का भोजन बनाया जा रहा था। तभी अचानक गैस सिलेंडर से आग की लपटें निकलने लगीं। उन्होंने तत्काल विद्यालय की शिक्षिकाओं को इसकी जानकारी दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय की शिक्षिकाओं ने आनन-फानन में सभी बच्चों को स्कूल परिसर से सुरक्षित बाहर निकलवाया और डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम में शामिल सुनील कुमार और मनीष कुमार तत्काल विद्यालय पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मेहनत और सूझबूझ का परिचय देते हुए फायर गैस की मदद से आग पर काबू पाया। बताया गया कि सिलेंडर करीब 30 मिनट तक जलता रहा। इस दौरान सभी की निगाहें सिलेंडर पर टिकी रहीं और उसके फटने की आशंका से ग्रामीणों में भय बना रहा। विद्यालय की सहायक अध्यापिकाओं संगीता कुमारी, सुचिता वर्मा और नीलम सिंह ने भी तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना के दौरान विद्यालय के बच्चों और शिक्षिकाओं में दहशत का माहौल रहा। वहीं आग लगने की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए। सिलेंडर में आग की लपटें देखकर ग्रामीणों में भी भय व्याप्त हो गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अवध शुगर मिल में गन्ना तौल शुरू



हरगांव (सीतापुर)। किसानों की महीनों की मेहनत और इंतजार के बाद अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड, हरगांव में बुधवार सुबह नवीन पेराई सत्र 2026-27 का आगाज हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक पूजन के बीच सुबह 9रू30 बजे गन्ना तौल शुरू कराई गई। मिल के संचालन से क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखने को मिला। परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम भीखपुर निवासी हरगोविन्द पुत्र चन्द्रभाल वर्मा तथा नैमिष कुमार पुत्र रामनयन की बैलगाड़ियों का पूजन अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित एवं सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव आनंद प्रकाश द्विवेदी ने किया। बैलों को गुड़ खिलाकर माला पहनाई गई। बैलगाड़ी मालिकों को अंगवस्त्र, नकदी, मिठाई एवं नारियल देकर सम्मानित किया गया। गन्ने से भरी ट्राली एवं ट्रक का पूजन कर चालकों को सम्मानित किया गया और तौल शुरू कराई गई।अधिशासी अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया कि रविवार को शुभ मुहूर्त में पूजन किया गया था।ो विधिवत पूजन-अर्चन के बाद पेराई सत्र का शुभारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पांच नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान दीपावली से पूर्व किसानों के खातों में भेज दिया जाएगा। अधिशासी उपाध्यक्ष गन्ना के.पी. सिंह ने किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि मिल के संचालन से मिल परिक्षेत्र के कृषक उत्साहित हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गन्ना पर्ची के अनुसार साफ-सुथरा गन्ना ही मिल में आपूर्ति करें। किसी भी समस्या के समाधान के लिए निर्धारित संपर्क नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।पूजन बिड़ला मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित जगदीश चन्द्र जोशी एवं पंडित शत्रुंजय बाजपेयी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से संपन्न कराया।

सरयू में बड़े क्रूज के संचालन पर शरद शुक्ला ने उठाए सवाल

अयोध्या। सरयू नदी में बड़े क्रूज के संचालन को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने चिंता जताई है। उन्होंने प्रधानमंत्री, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर परियोजना में हस्तक्षेप की मांग की है।शरद शुक्ला ने कहा कि बड़े मोटर चालित क्रूज से जलीय जीवों और नदी के पारिस्थितिक संतुलन पर असर पड़ने की आशंका है। इससे पारंपरिक नाविकों की आजीविका भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने स्वतंत्र पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव आकलन पूरा होने तक बड़े क्रूज का नियमित संचालन स्थगित रखने, जलीय जीवों का सर्वेक्षण कराने और स्थानीय नाविकों के हितों की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका विरोध पर्यटन विकास से नहीं, बल्कि प्रकृति और स्थानीय रोजगार की अनदेखी से है।